22/01/2025

आकाशवाणी ईटानगर

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के. टी. परनाइक ने आज राजभवन, ईटानगर में, पुरोइक वेलफ़ेयर बोर्ड के अध्यक्ष श्री काशोक सोलुंग एवं उनके सदस्यों के साथ मुलाकात की। बोर्ड द्वारा राज्यपाल को पुरोइक समुदाय के समक्ष आने वाली चुनौतियों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। राज्यपाल ने बोर्ड के सदस्यों को यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी कि पुरोइक समुदाय का प्रत्येक सदस्य पंजीकृत हो और केंद्र और राज्य सरकारों के कल्याणकारी कार्यक्रमों एवं योजनाओं का लाभ उठा सके। राज्यपाल ने समुदाय के सर्वोत्तम हित में कल्याणकारी उपायों को लागु करने का आश्वासन देते हुए पुरोइक सदस्यों को समय के साथ आगे बढ़ते हुए अपनी स्वदेशी पहचान को बनाए रखने की सलाह दी गई।

00000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के साथ सड़क मार्ग से पिप्सोरांग का दौरा किया जिसे हाल ही में क्रा-दादी जिले में एक एसडीओ मुख्यालय में अपग्रेड किया गया। गौरतलब है कि ताली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पिप्सोरांग ने 78 साल की अवधि के बाद सड़क संपर्क प्राप्त किया। इस अवसर पर श्री खांडू ने स्थानीय विधायक जिक्के ताको, ग्रामीण निर्माण विभाग, स्थानीय प्रशासन, ठेकेदार और ताली प्रशासनिक केंद्र के लोगों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

उन्होंने राज्य सरकार के तकनीकी सलाहकार के सी धिमोले को एक महीने के भीतर प्रक्रिया का आकलन, पुन: संरेखण और पुन: डिजाइन करने और पूरा करने की सलाह दी। श्री खांडू ने संबंधित कार्यकारी अभियंता को लगातार प्रगति की निगरानी कर साइट्स का लगातार दौरा करने का निर्देश दिया।

0000000000000000000

केंद्रीय कोयला एवं खदान मंत्री जी. किशन रेड्डी की अध्यक्षता में राज्य के जीओलॉजी एवं माइनिंग मंत्री वांगकी लोवांग ने कल ओडिशा के कोणार्क में तीसरे राष्ट्रीय खनन मंत्रियों के सम्मेलन में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान, केंद्रीय मंत्री ने देश भर में कुशल, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल खनन कार्यों को सुनिश्चित करने के लिए सहयोग को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श किया। श्री लोवांग ने अरुणाचल प्रदेश में खनिज संसाधनों की क्षमता के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि राज्य में ग्रेफाइट, वैनेडियम, कोयला, लाइम स्टोन, गोल्ड और कोप्पर भुतायत में उपलब्ध हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से राज्य में खनन क्षेत्र के विकास के लिए समर्थन और सहयोग बढ़ाने का आग्रह किया।

0000000000000000000

राज्य के कृषि मंत्री गेब्रियल डी. वांगसू ने सोमवार को चांगलांग जिले के जयरामपुर में कृषि विज्ञान केंद्र के दौरे के दौरान कृषि कार्यों की व्यापक समीक्षा की। अपने दौरे के तहत श्री वांगसू ने केवीके के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अधिकारियों के साथ बागवानी, कृषि, मत्स्य विकास और पशु चिकित्सा सेवाओं की विस्तृत चर्चा की।

केवीके द्वारा उठाई गई चिंताओं का जवाब देते हुए, उन्होंने सभी प्रस्तावों का समाधान करने में अपना पूरा समर्थन देने का आश्वासन देते हुए, ग्लोबल वार्मिंग की चिंताओं के मद्देनजर एकीकृत कृषि दृष्टिकोण और लचीले कृषि प्रथाओं के महत्व पर भी जोर दिया।

0000000000000000000

तवांग उपायुक्त सांगेय वांगमू मोसोबी ने आज नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह के लिए अपने कार्यालय से छह सदस्यीय दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दल में पंचायत सदस्य और वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत गांवों के स्वयं सहायता समूहों के सदस्य शामिल हैं, जिन्हें गणतंत्र दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर आईटीबीपी-तवांग के डिप्टी कमांडेंट विनोद भाटी ने कहा कि गृह मंत्रालय आईटीबीपी के साथ नोडल एजेंसी है और दौरे के इस कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। उन्होंने कहा कि एक समर्पित आईटीबीपी टीम पूरी यात्रा के दौरान इस दल के साथ रहेगी ताकि एक सहज अनुभव सुनिश्चित किया जा सके। समर्पित आईटीबीपी टीम में एक सब-इंस्पेक्टर, एक महिला कांस्टेबल, एक चिकित्सक और दो अन्य कर्मी शामिल हैं।

0000000000000000000

उपायुक्त तालो पोतोम ने आज ईटानगर से अरुणाचल बुलेट क्लब के राइडर्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो ईटानगर और काहो गांव से राइड कर गुजरात के कोठेश्वर तक का सफ़र तय करेंगे।

अरुणाचल बुलेट क्लब; राज्य और भारत के सबसे पुराने मोटरसाइकिल क्लबों में से एक है। इस राइड का उद्देश्य एक नए राइडिंग-टूरिस्ट रूट को शुरू कर उसे बढ़ावा देना है। एबीसी के प्रमुख ने बताया कि अरुणाचल प्रदेश के सभी हिस्सों से पचास राइडर्स ने 31 जनवरी से 2 फरवरी तक गुजरात में आयोजित होने वाले 22वें **ब्रदरहुड ऑफ बुलेटियर्स मोटरसाइकिलिंग कंसोर्टियम राइडर मेनिया** में भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया है। इससे पहले, 16वीं बिहार रेजिमेंट के ब्रिगेडियर जसप्रीत सिंह ने गत शनिवार को काहो से राइड को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

0000000000000000000

दापोरिजो के पोलो कॉलोनी, में कल एक भीषण आग दुर्घटना में कम से कम सात घर जलकर खाक हो गए। हालांकि, किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन करोड़ों की संपत्ति का नुकसान हुआ है। आग दुर्घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। दापोरिजो उपायुक्त तासो गाम्बो ने पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त कर संबंधित विभाग को आकलन करने के निर्देश दिए हैं ताकि जल्द से जल्द मुआवज़ा जारी किया जा सके।